समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# ‘जय हो बाबा निराला !’ बॉबी देओल की ‘आश्रम 4’ पर बड़ा अपडेट ; अगस्त से शुरू होगी शूटिंग

Sanket Morankar Published on 02 Jul 2026



बॉलीवुड अभिनेता **बॉबी देओल** के करियर को नई ऊंचाई देने वाली सुपरहिट वेब सीरीज **‘आश्रम’** एक बार फिर सुर्खियों में है। ‘बाबा निराला’ के दमदार किरदार से दर्शकों का दिल जीतने वाले बॉबी देओल अब **‘आश्रम 4’** के साथ वापसी करने जा रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित सीजन को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, **‘आश्रम 4’ की शूटिंग अगस्त 2026 के मध्य से शुरू होने जा रही है।** एक बार फिर निर्देशक **प्रकाश झा** और अभिनेता **बॉबी देओल** की सुपरहिट जोड़ी इस चर्चित वेब सीरीज के नए अध्याय के साथ दर्शकों के सामने होगी।

### ‘आश्रम’ ने बॉबी देओल को दिलाई नई पहचान

साल **2020** में रिलीज हुई **‘आश्रम’** वेब सीरीज बॉबी देओल के करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई। बाबा निराला के रूप में उनका रहस्यमयी, प्रभावशाली और दमदार अभिनय दर्शकों को खूब पसंद आया।

इस सीरीज का पहला सीजन **28 अगस्त 2020**, दूसरा **11 नवंबर 2020** और तीसरा **3 जून 2022** को रिलीज हुआ था। अंधविश्वास, राजनीति, सत्ता और धर्म के नाम पर होने वाले खेल को दिखाने वाली इस कहानी को दर्शकों ने जबरदस्त प्यार दिया।

### एक बार फिर लौटेगें बाबा निराला

चौथे सीजन में भी बॉबी देओल **बाबा निराला** के किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार कहानी पहले से ज्यादा रहस्यमयी, रोमांचक और ट्विस्ट से भरपूर होगी।

सीरीज में **अदिति पोहनकर** और **चंदन रॉय सान्याल** भी अपनी अहम भूमिकाओं में वापसी करेंगे। दोनों के किरदारों के इर्द-गिर्द कई नए मोड़ देखने को मिल सकते हैं।

### तीसरे सीजन के लिए कितनी ली थी फीस ?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बॉबी देओल ने **'आश्रम 3'** के लिए करीब **1 से 4 करोड़ रुपये** की फीस ली थी। उस समय इस रकम को लेकर काफी चर्चा हुई थी। हालांकि, इसी वेब सीरीज ने बॉबी देओल को दोबारा स्टारडम दिलाया और उनके करियर को नई उड़ान दी।

### 'अल्फा' के बाद फिर ओटीटी पर छाएंगे बॉबी

इन दिनों बॉबी देओल अपनी आगामी फिल्म **'अल्फा'** को लेकर भी चर्चा में हैं। यह फिल्म **3 जुलाई 2026** को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है, जिसमें वह एक बार फिर दमदार निगेटिव किरदार निभाते नजर आएंगे।

'अल्फा' की रिलीज के तुरंत बाद वह **'आश्रम 4'** की शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगे। ऐसे में साल **2026** बॉबी देओल के लिए बेहद खास साबित होने वाला है।

### फैसं को रिलीज का इंतजार

'आश्रम' के हर सीजन को दर्शकों ने शानदार रिस्पॉन्स दिया है। यही वजह है कि अब फैंस बेसब्री से जानना चाहते हैं कि **बाबा निराला की अगली चाल क्या होगी** और कहानी किस नए मोड़ पर पहुंचेगी।

हालांकि, **'आश्रम 4'** की आधिकारिक रिलीज डेट अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन अगस्त 2026 से शूटिंग शुरू होने की खबरों के बीच माना जा रहा है कि यह वेब सीरीज **2027** में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो सकती है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.